# केन्द्रीय विद्यालय संगठन अहमदाबाद संभाग

## पूर्व परिषदीय परीक्षा-2 (2018-19)

## हिंदी पाठ्यक्रम -'अ'

## कक्षा - दसवीं

निर्धारित समय-3 घंटे    अधिकतम अंक 80

सामान्य निर्देश -1. इस प्रश्न पत्र में चार खंड हैं क, ख, ग और घ ।

2. चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

3. यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः दीजिए।

**खंड क**

**(अपठित अंश)**    **अंक 15**

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ें और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**

सृष्टि ने मानव को जो सर्वश्रेष्ठ वरदान दिए हैं उनमें से एक महत्वपूर्ण वरदान है -स्वस्थ शरीर । स्वस्थ शरीर से ही जिंदगी की सही शुरुआत होती है। अस्वस्थ शरीर में कहाँ जीवन होता है? वह तो जीवन पर बोझ होता है। जीवन के सभी सुख,सभी सौंदर्य,सभी आनंद स्वस्थ होने पर ही मिलते हैं। स्वास्थ्य सभी जीवधारियों के आनंद में जीवन की कुंजी है क्योंकि स्वास्थ्य के बिना जीवधारियों की समस्त क्रियाएँ-प्रक्रियाएँ रुक जाती हैं या शिथिल हो जाती हैं । जीवन को जल इसीलिए कहा जाता है । जिस प्रकार रुका हुआ जल सड़ जाता है, दुर्गंध युक्त हो जाता है, ठीक उसी प्रकार शिथिल और कर्म हीन जीवन से स्वास्थ्य खो जाता है। स्वास्थ्य और खेल-कूद का परस्पर गहरा संबंध है। पशु-पक्षी हो या मनुष्य जो खेलता- कूदता नहीं, वह उत्फुल्ल और प्रसन्न नहीं रह सकता | जब हम खेलते हैं तो हममें नया प्राण वेग एक नई स्फूर्ति और नई चेतना आ जाती है। हम देखते हैं कि हवा के झोंके एक- दूसरे का पीछा करते हुए दूर-दूर तक दौड़ते हैं । वृक्षों की शाखाओं को हिला हिला कर अठखेलियाँ करते हैं । आकाश में उड़ते पक्षी तरह-तरह की क्रीड़ा करते हैं। हमें भी जीवन जगत से प्रेरणा लेते हुए खुले मन से खेलकूद में भाग लेना चाहिए।

(1) स्वास्थ्य और खेलकूद परस्पर एक दूसरे के पूरक हैं-कैसे? 2

(2) उदाहरण देते हुए सिद्ध कीजिए कि प्रकृति भी खेलकूद पसंद करती है। 2

(3) स्वास्थ्य का कर्म से क्या संबंध है? 2

(4) जीवन को जल क्यों कहा गया है ? 1

(5) उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखिए। 1



Scanned by CamScanner

**2 निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**

धीरे से पाँव धरा धरती पर किरणों ने,
मिट्टी पर दौड़ गया लाल रंग तलवों का ।
सारा गाँव हुआ के सर की क्यारी-सा
कच्चे घर डूब गए कंचन के पानी में।
डालों की डोली में लज्जा के फूल खिले,
उषा ने मस्ती से फूलों को चूम लिया।
गोरी ने गीतों से सरसों की गोद भरी,
भौरों ने गोरी के गालों को चूम लिया ।

(1) किरणों ने धरती पर पाँव कैसे रखा इससे मिट्टी के रंग में क्या परिवर्तन हुआ ? 2
(2) कच्चे घरों के कंचन के पानी में डूबने से कवि का क्या अभिप्राय है ? 2
(3) कविता में वर्णित दृश्य किस समय का है ? 1
(4) किसने, किससे, किस की गोद भरी ? 1
(5) कविता में किस अलंकार का प्रयोग हुआ है ? 1

**अथवा**

चिलचिलाती धूप को जो चाँदनी देवें बना ।
काम पड़ने पर करें जो शेर का भी सामना ॥
जो कि हँस-हँस के चबा लेते हैं लोहे का चना ।
है कठिन कुछ भी नहीं जिनके है जी में यह ठना ॥
कोस कितने ही चलें पर वे कभी थकते नहीं ।
कौन-सी है गाँठ जिसको खोल वे सकते नहीं ॥
संकटों से वीर घबराते नहीं,आपदाएँ देख छिप जाते नहीं ।
लग गए जिस काम में पूरा किया,काम करके व्यर्थ पछताते नहीं ॥
हो सरल या कठिन हो रास्ता,कर्मवीरों को न इससे वास्ता ।
बढ़ चलें तो अंत तक ही बढ़ चलें,कठिनतर गिरिशृंग ऊपर चढ़ चलें॥

(1) चिलचिलाती धूप को चाँदनी बनाने का क्या अर्थ है ? 2
(2) 'हँस-हँस कर लोहे के चने चबाना' कविता में किस अर्थ में प्रयुक्त हुआ है ? 2
(3) असंभव को संभवबनाने के लिए किस गुण की आवश्यकता होती है? 1
(4) काव्यांश में किसका वर्णन है ? 1
(5) संकटों से कौन नहीं घबराते हैं ? 1



Scanned by CamScanner

## खंड ख

### (व्यावहारिक व्याकरण)अंक 15

**3 निर्देशानुसार किन्हीं तीन का उत्तर लिखिए -** **3X1=3**

(1) युवा धनुर्धर को सेनापति ने युद्ध में भेजा । (मिश्र वाक्य में बदलिए)

(2) मैं विद्यालय पहुंचा परंतु घंटी बज चुकी थी । ( सरल वाक्य में बदलिए)

(3) जो मन लगाकर काम करते हैं उन्हें सफलता मिलती है। (आश्रित उपवाक्य छाँटकर भेद लिखिए)

(4) मेरी मां चाहती है कि मैं अच्छा इंसान बनूँ । (रेखांकित उपवाक्य का भेद लिखिए)

**4 निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं चार वाक्यों का निर्देशानुसार वाच्य परिवर्तन कीजिए-** **4X1=4**

(1) माँ ने पुत्र को सुला दिया। (कर्मवाच्य में )

(2) बच्चा रोता है। (भाववाच्य में)

(3) मोहन पुरस्कार प्राप्त करता है (कर्मवाच्य में)

(4) घनश्याम खेलता है । (वाच्य का नाम लिखिए)

(5)छात्रों द्वारा प्रार्थना की जाती है । (कर्तृवाच्य में)

**5.निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं चार वाक्यों के रेखांकित पदों का परिचय लिखिए- 4X1=4**

(1) मैं प्रतिदिन घूमने जाता हूँ ।

(2) मैं सवेरे उठता हूँ ।

(3) उसे पुस्तक दे दो ।

(4) मोहन सेकोई मिलने आया है ।

(5) जयपुर बहुत सुंदर नगर है ।

**6. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही चारप्रश्नों के उत्तर दीजिए-** **4X1=4**

(1 )वीर रस का एक उदाहरण लिखिए ।

(2) निम्नलिखित काव्य पंक्तियों में रस पहचान कर लिखिए ।

एक ओर अजगरहि लखि, एक ओर मृगराय ।
विकल बटोही बीच ही परयो मूरछा खाय ।।

(3) निर्वेद किस रस का स्थायी भाव है ?

(4) करुण रस का स्थायी भाव क्या है ?

(5) घृणित वस्तुओं को देखकर अथवा उनके बारे में सुनकर मन में जो भाव उत्पन्न होता है, उससे किस रस की व्युत्पत्ति होती है ?



Scanned by CamScanner

## खंड ग

(पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पुस्तक) अंक 30

**7.निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** 2+2+1=5

मैं नहीं जानता इस संन्यासी ने कभी सोचा था या नहीं कि उसकी मृत्यु पर कोई रोएगा लेकिन उस क्षण रोने वालों की भी कमी नहीं थी । (नम आंखों को गिनना स्याही फैलाना है।) इस तरह हमारे बीच से वह चला गया जो हममें से सबसे अधिक छायादार, फल-फूल गंध से भरा और सबसे अलग, सबका होकर, सबसे ऊँचाई पर, मानवीय करुणा की दिव्य चमक में लहलहाता खड़ा था । जिसकी स्मृति हम सबके मन में जो उनके निकट थे, किसी यज्ञ की पवित्र आग की आँच की तरह आजीवन बनी रहेगी । मैं उस पवित्र ज्योति की याद में श्रद्धानत हूँ ।

(1) 'नम आंखों को गिनना स्याही फैलाना है' ऐसा लेखक ने क्यों कहा है ?

(2) लेखक ने फादर के लिए किन-किन विशेषणों का प्रयोग किया है और क्यों ?

(3) गद्यांश में फादर की स्मृति को किसके समान बताया गया है ?

**8.निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही चारप्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए-** 4X2=8

(1) नेताजीकी मूर्ति लगाने के प्रयास को सफल और सराहनीय प्रयास क्यों कहा गया है ?

(2)'बालगोबिन भगत सामाजिक समरसता के उदाहरण हैं',पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

(3)'लखनवी अंदाज' पाठ में किस पर क्या व्यंग्य किया गया है ?

(4) 'एक कहानी यह भी' कहानी के अनुसार लेखिका एवं शीला अग्रवाल को कॉलेज की तरफ से नोटिस क्यों थमाया गया ?

(5) बिस्मिल्ला खाँ पाँचों वक्त की नमाज़ में खुदा से क्या प्रार्थना करते थे और क्यों ?

**9. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** 2+2+1=5

देखि कुठार सरासन बाना | मैं कछु कहा सहित अभिमाना ||
भृगुसुत समुझी जनेऊ बिलोकी | जो कछु कहहु सहौं रिस रोकी ||
सुर, महिसुर, हरिजन अरु गई | हमारे कुल इन्ह पर न सुराई ||
बधें पापु अपकीरति हारें | मारतहूँ पा परिअ तुम्हारे ||
कोटि कुलिस सम बचन तुम्हारा | ब्यर्थ धरहु धनु बाण कुठारा ||

(क) लक्ष्मण ने पहले अभिमान पूर्वक बात क्यों की ?

(ख) लक्ष्मण परशुराम के क्रोधपूर्ण वचनों को सुनकर भी अपना क्रोध क्यों रोके हुए थे ?

(ग) लक्ष्मण ने अपने कुल की किस परम्परा का बोध कराया ?



Scanned by CamScanner

**10.निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए-** **4X2=8**

(1) ऊधौ को 'बड़भागी' कहने में क्या व्यंग्य निहित है ?

(2) कवि की आंख फागुन की सुन्दरता से क्यों नहीं हट रही है ?

(3) 'यह दंतुरित मुसकान' कविता में कवि ने शिशु की माँ को धन्य कहकर किस भावना को व्यक्त किया है ?

(4)'छाया मत छूना' कविता में कवि ने कठिन यथार्थ के पूजन की बात क्यों कही है ?

(5) संगतकार के माध्यम से कवि किस प्रकार के व्यक्तियों की ओर संकेत करना चाह रहा है ?

**11.** जितेन नार्गे की गाइड की भूमिका के बारे में विचार करते हुए लिखिए कि एक कुशल गाइड में क्या गुण होते हैं? (4)

**अथवा**

जॉर्ज पंचम की लाट की नाक को पुनः लगाने के लिए मूर्तिकार ने क्या-क्या यत्न किए? क्या ऐसा करना उचित था ?

## खंड ग

**(लेखन)** **अंक 20**

**12. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 200 से 250 शब्दों में निबंध लिखिए-** 10

1 **वन रहेंगे हम रहेंगे**

- प्रस्तावना
- वनों का महत्व
- प्रदूषण पर नियंत्रण
- जीवो का संरक्षण
- संरक्षण के उपाय
- उपसंहार

2 **सौर ऊर्जा**

- प्रस्तावना
- सौर ऊर्जा से तात्पर्य
- सौर ऊर्जा का उत्पादन
- लाभ
- उपसंहार



Scanned by CamScanner

**3 भ्रष्टाचार की समस्या**

- प्रस्तावना /भूमिका
- भ्रष्टाचार के विभिन्न रूप
- भ्रष्टाचार फैलने के कारण
- भ्रष्टाचार रोकने के उपाय /सुझाव

**13.**आपके शहर/गाँव में पिछले कुछ दिनों से उपद्रवी लोगों की गतिविधियाँ बढ़ गई है जिससे क्षेत्र में अपराध भी बढ़ने लगे हैं। इसकी सूचना देते हुए थानाध्यक्ष को पत्र लिखिए। 5

अथवा

विद्यालय में संपन्न हुए 'एकता दिवस' की जानकारी देते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए|

**14.** आपके विद्यालय में कक्षा एक के बच्चों के प्रवेश (एडमिशन) की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है इसके लिए 25 से 30 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। 5

अथवा

आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित घर किराए पर देने के लिए 25 से 30 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**********************************



Scanned by CamScanner